# 18 हजार करोड़ की 'सुपर-30' परियोजनाओं से चमकेगा मंडल

## लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, उन्नाव व हरदोई में 21,650 रोजगार के अवसर भी होंगे सृजित

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ मंडल के छह जिलों में हो रहे पांच-पांच बड़े निवेश 'सुपर-30' का आकार लेंगे। इनसे उन्नाव, सीतापुर, हरदोई और लखनऊ में हजारों करोड़, जबकि लखीमपुर खीरी और रायबरेली में सैकड़ों करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरना शुरू हो गई हैं। 'सुपर-30' प्रोजेक्ट से 21,650 रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

लखनऊ में टाटा टेक्नोलॉजी ने 4174 करोड़ और अशोक लीलेंड ने 1500 करोड़ का निवेश किया है। हमसफर डीलर ने 800 करोड़, ओमेक्स ने 120 करोड़ और एक्सेरियन डेवलपर्स ने 650 करोड़ का निवेश किया है। इनमें 1770 को रोजगार मिलेगा।

उन्नाव में सीयू इंटरनेशनल दो हजार करोड़ से निजी यूनिवर्सिटी स्थापित कर रहा है। रिमझिम स्टेनलेस 500 करोड़, आरएचएल प्रोफाइल 500 करोड़, मेट्योर वेयरहाउस 450 करोड़ और रिलायंस सीबीजी प्लांट में 135 करोड़ का निवेश कर रहा है। रायबरेली में रेस्पा फार्मा 184 करोड़, एक्वैक्स 125 करोड़, एलीफेंट सीमेंट 100 करोड़, कामधेनु फ्रेश मिल्क 80 करोड़ और पेन्नार मेटल्स 50 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतार रहे हैं।



### सीतापुर के पांच प्रोजेक्ट में 3502 करोड़ का निवेश

सीतापुर में शीर्ष पांच निवेश परियोजनाओं का आकार 3502 करोड़ का है। इनमें ग्रीनलैम 1500 करोड़, सेंचुरी प्लाईबोर्ड 1500 करोड़, आरएवी ग्लोबल 200 करोड़ रुपये, डालमिया भारत शुगर 170 करोड़ और दि सेकसरिया बिस्वां शुगर 132 करोड़ के प्रोजेक्ट ला रहे हैं। हरदोई में बर्जर पेंट्स 800 करोड़, हल्दीराम 678 करोड़, बालाजी वेफर्स 500 करोड़, ग्रीन प्लाई 350 करोड़ और एनरबोस्टा सोलर ने 300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। लखीमपुर खीरी में ग्लोबस स्पिरिट की ओर से इथेनॉल प्लांट में 200 करोड़, जुआरी इन्वेन 200 करोड़, डीसीएम श्रीराम 130 करोड़ और एवर इन्वायरो 87 करोड़ का निवेश कर रहे हैं।